राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल से जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री महेश जोशी की मुलाकात

जलप्रदाय योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी दी

जयपुर, 12 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग मंत्री श्री महेश जोशी ने बुधवार को यहां राजभवन में मुलाकात की।

राज्यपाल श्री मिश्र से मुलाकात के दौरान श्री जोशी ने उन्हें राज्य में चलाई जा रही जलदाय योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने केन्द्र प्रवर्तित जलप्रदाय योजनाओं के बारे में एक आग्रह पत्र भी सौंपा, जिसमें केन्द्र सरकार के माध्यम से राजस्थान को जल जीवन मिशन के लिए 90:10 के अनुपात में फंडिग प्रदान करने के लिए अनुरोध किया गया है।